WWW.MEERUTDARPAN.COM You Tube/meerut darpan news
mrtdarpan@gmail.com Whatsapp:- 9897419837 RNI NO. UPHIN 2016/69845

दैनिक

मेरठ दर्पण

वर्षः 05 अंक 279 मेरठ, बुधवार 28 अप्रैल, 2021, पृष्ठ 4, मूल्य 1 रुपया आईना सच का.....

सम्पादक की कलम से

छोटी छोटी बाते दिल में रखने से , बड़े-बड़े रिश्तें कमज़ोर हो जाते है।.....

रेमडेसिविर इंजेक्शन की कालाबाजारी में न्यूरो सर्जन सहित 3 गिरफ्तार

मेरठ दर्पण-मेरठ। गाजियाबाद पुलिस और अपराध शाखा की टीम ने कोरोना काल में दिल्ली-एनसीआर में रेमडेसिविर इंजेक्शन की कालाबाजारी करते देश के प्रख्यात न्यूरो सर्जन मो. अल्तमश और उनके दो साथियों को गिरफ्तार किया है। हजरत निजामुद्दीन के रहने वाले डॉ. अल्तमश लंबे समय तक एम्स में अपनी सेवाएं दे चुके हैं और उनके देश के कई बड़े नेताओं के साथ अच्छे संबंध हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से 70 रेमडेसिविर इंजेक्शन के अलावा दो अक्टेमरा इंजेक्शन व 36 लाख दस हजार रुपये नकद और एक लग्जरी कार भी बरामद की है। अपराध शाखा प्रभारी इंस्पेक्टर संजय पांडेय ने बताया कि डॉक्टर के इस गिरोह की सूचना तीन दिन पहले पुलिस को मिली थी। एक पीड़ित व्यक्ति ने बताया था कि उसने इस गिरोह से 48 हजार रुपये में एक इंजेक्शन खरीदा है। इस सूचना के बाद पुलिस टीम गिरोह के पीछे पड़ गई और कैला भट्ठा में रहने वाले डॉक्टर के साथी कुमैल अकरम को दबोच लिया। इससे पूछताछ में पता चला कि उसे इंदूवाड़ा दिल्ली का रहने वाला जाजिब इंजेक्शन उपलब्ध कराता है। इसके बाद पुलिस ने जाजिब को भी गिरफ्तार कर लिया और उसी की निशानदेही पर डॉ. अल्तमश को गिरफ्तार किया गया।

डॉक्टर ने दिखाई अपने पहुंच की धौंस

पुलिस टीम ने जब डॉ. अल्तमश को पकड़ा तो आरोपी डॉक्टर ने पहले तो अपनी ऊंची पहुंच की धौंस दिखाई। बताया कि देश के तमाम बड़े नेताओं और केंद्र सरकार के मंत्रियों से उसके संबंध हैं, लेकिन जैसे ही पुलिस ने थोड़ी कड़ाई की, आरोपी डॉक्टर की सारी हेकड़ी निकल गई। उसने न केवल गुनाह कबूल कर लिया, बल्कि अपनी गाड़ी में से इन जीवन रक्षक दवाओं की खेप भी बरामद करा दी। पुलिस ने गाड़ी समेत सारा माल कब्जे में ले लिया है।

गाजियाबाद में 40 से 50 हजार में बेचते थे इंजेक्शन

नगर कोतवाल संदीप कुमार सिंह ने बताया कि डॉक्टर अपने नाम पर एम्स से दवाओं को निकलवा कर अपने साथियों को देता था। इसके बाद आरोपी जाजिम अपने साथी कुमैल के साथ मिलकर इसे गाजियाबाद, नोएडा, फरीदाबाद और गुरुग्राम में ले जाकर बेचते थे। उन्होंने बताया कि यहां पर आरोपी एक इंजेक्शन 40 से 50 हजार रुपये में बेचते थे।

एक दिन में कमाए 36 लाख रुपये

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, डॉक्टर ने केवल रेमडेसिविर की कालाबाजारी कर महज एक दिन में 36 लाख 10 हजार रुपये कमाए थे। इसके अलावा करीब 50 लाख रुपये आरोपी डॉक्टर ने कुछ अन्य लोगों को भी दिए हैं। यह सारे रुपये कालाबाजारी से ही जुटाए गए हैं। पुलिस को आशंका है कि इस गिरोह में एम्स के कुछ अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी शामिल हो सकते हैं। पुलिस उनकी पहचान का प्रयास कर रही है।

पुलिस अदालत से रिलीज करागी दवा

पुलिस अधीक्षक नगर प्रथम निपुण अग्रवाल ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। बुधवार को आरोपियों को अदालत में पेश कर जेल भेजा जाएगा। चूंकि इनके पास से बरामद इंजेक्शन कोर्ट प्रॉपर्टी है, ऐसे में पुलिस लोगों की जान का संकट बताकर इसे रिलीज कराने के लिए कोर्ट जाएगी। फिर यह दवा विभिन्न अस्पतालों के माध्यम से मरीजों में वितरित की जा सकती है।

मेरठ कोर्ट में होगी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई

मेरठ दर्पण-मेरठ। कोरोना प्रकोप के कारण मेरठ कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई होगी। मेरठ में 28 से 30 अप्रैल तक छह न्यायिक अधिकारी वर्चुअल माध्यम से न्यायिक कार्य करेंगे। मेरठ के जिला न्यायाधीश दिनेश शर्मा ने बताया कि उच्च न्यायालय के निर्देश पर छह न्यायिक अधिकारी 28, 29 और 30 अप्रैल को वर्चुअल माध्यम से न्यायिक कार्य करेंगे। जिला न्यायाधीश खुद भी ऑनलाइन ढंग से काम करेंगे। इन तीन दिन में न्यायिक अधिकारियों द्वारा नए आवश्यक प्रकरण, नए जमानत प्रार्थना पत्र, रिलीज, धारा-164 सीआरपीसी का ब्यान लेखबद्ध सम्बन्धी कार्य किए जाएंगे। इन प्रकरणों की सुनवाई न्यायालय परिसर अथवा आवासीय कार्यालय में वीडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से की जाएगी। 28 अप्रैल को जिला न्यायाधीश दिनेश शर्मा, अपर जिला न्यायाधीश 18 रमेश व एसीजेएम तृतीय मिंशु कुमार सिंह, 29 अप्रैल को जिला न्यायाधीश दिनेश शर्मा, अपर जिला न्यायाधीश 12 विकास गोस्वामी व एसीजेएम पंचम विजय कुमार, 30 अप्रैल को जिला न्यायाधीश दिनेश शर्मा, अपर जिला न्यायाधीश 15 हर्ष अग्रवाल व एसीजेएम 6 विनोद शर्मा को नियुक्त किया गया है। जिला न्यायाधीश ने बताया कि न्यायालय परिसर में न्यूनतम स्टाफ ही प्रवेश करेगा। उनकी ड्यूटी चक्रानुक्रम में साप्ताहिक रूप से नियत की जाएगी।

ऑक्सीजन की निर्बाध आपूर्ति के लिए बनाया कंट्रोल रूम

मेरठ दर्पण-मेरठ। अस्पतालों में ऑक्सीजन की आपूर्ति के संकट को दूर करने के लिए जिला प्रशासन ने कंट्राल रूम बनाया है। ऑक्सीजन आपूर्ति से संबंधित कोई भी शिकायत कंट्रोल रूम में दर्ज कराई जा सकती है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुभाष चंद्र प्रजापति ने बताया कि कोविड अस्पतालों में ऑक्सीजन की निर्बाधा आपूर्ति बनाए रखने के लिए जिला मुख्यालय पर कंट्रोल रूम बनाया गया है। किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर कंट्रोल रूम के नंबर 0121-2664134 पर दर्ज कराई जा सकती है। कंट्रोल रूम में शिकायत सुनने के लिए 24 घंटे कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक नवीन जैन और कुशल पाल को तैनात किया गया है। शाम चार बजे से रात्रि 12 बजे तक प्रवीण कुमार और उधम सिंह की ड्यूटी लगाई गई है। रात्रि 12 बजे से सुबह आठ बजे तक अशोक पाल व परमानंद को तैनात किया गया है।

विधायक सोमेन्द्र तोमर ने अपने संस्थान में 60 बैड की उपलब्धता हेतु जिलाधिकारी को लिखा पत्र

मेरठ दर्पण-मेरठ। पूरा देश कोरोना जैसी वैश्विक महामारी की चपेट में है। विश्वव्यापी महामारी कोविड-19 के कारण मेरठ में कोरोना पीड़ितों को नियमित उपचार उपलब्ध कराने हेतु अस्पतालों में बेड का काफी अभाव है जिसके कारण पीड़ितों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मेरठ दक्षिण विधानसभा से भाजपा विधायक ने अच्छी पहल की है। विधायक ने अपने पत्र के माध्यम से जिलाधिकारी के.बाला जी को अवगत कराया कि उनके शिक्षण संस्थान मोहिउद्दीनपुर, मेरठ स्थित शांति निकेतन आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की बिल्डिंग जोकि पूर्ण रूप से हॉस्पिटल हेतु तैयार है को प्रयोग में लाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त यदि शासन द्वारा बेड

आपूर्ति की आवश्यकता होती है तो जन उपयोग हेतु 60 बेड की सुविधा संस्थान द्वारा तत्काल उपलब्ध करा दी जाएगी।

शूटर दादी भी कोरोना पॉजिटिव

मेरठ दर्पण-मेरठ। बागपत-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति बटोरी और राष्ट्रीय स्तर पर 50 से अधिक पदक जीतकर कामयाबी हासिल करने वाली बागपत के जौहड़ी गांव निवासी अंतरराष्ट्रीय शूटर दादी चंद्रो तोमर की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आ गई है। फिलहाल उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती किया है, जहां पर दादी को सांस लेने में दिक्कत महसूस हो रही थी। अब शूटर दादी चंद्रो तोमर की तबीयत ठीक बताई जा रही है। उनकी पोती शूटर सीमा तोमर का कहना है कि जल्द हीह्रछुट्टी मिल जाएगी।

81 वर्षीय रामवती एवं 80 वर्षीय शकुन्तला देवी समेत डेढ दर्जन संक्रमित मरीजों ने दी कोरोना को मात

मेरठ दर्पण-मेरठ/अमरोहा ।-वेंक्टेश्वरा समूह के मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल विम्स से आज डेढ दर्जन 18 संक्रमित मरीजो ने कोरोना को मात देते हुए जिंदगी की जंग जीत ली। अस्पताल प्रबन्धन, चिकित्सा अधीक्षक विम्स समेत अन्य अधिकारियों ने इन सभी कोरोना विजेताओ पर पुष्प वर्षा करके एवं इनको उपहार देकर सहकुशल उनके घरो को रवाना किया। बताते चले कि पिछले वर्ष भी विम्स हॉस्पिटल ने कोरोना उपचार में सभी रिकार्ड तोडते हुए ऐतिहासिक रुप से 2500 कोरोना संक्रमितो को ठीक कर उनकी सहकुशल वापसी करायी थी। इस अवसर पर प्रशासन की पहल पर स्वास्थ विभाग ने 30 ऑक्सीजन कंसनट्रेटर विम्स प्रबन्धन को मुहैया कराये जिससे अब सवंमित मरीजो को और सुलभता से ऑक्सीजन उपलब्ध हो सकेगी। वेंक्टेश्वरा समूह के चेयरमैन

डॉ0 सुधीर गिरि ने कहा कि कोरोना की यह दूसरी लहर पहले से कही अधिक खतरनाक है लेकिन हम सब देशवासी एकजुट होकर इसको मात देने के लिए तैयार है। हमारे डॉक्टर्स एवं पैरामेडिकल स्टॉफ ने दिन रात कोरोना संक्रमित मरीजो का प्रभावी उपचार एवं देखभाल कर मानव सेवा की एक शानदार मिसाल पेश की है। आदरणीय जिलाधिकारी महोदय एवं स्वास्थ विभाग के साथ शानदार तालमेल से हम कोरोना को हराने में कामयाब होंगे। डॉ0 प्रदुम्मन सिंह ने बताया कि आज ठीक होने वाले मरीजो में विक्रम 26 वर्ष, एम0 बालाजी 33 वर्ष, सोनिका पूरी 38 वर्ष, एस0एन0 साहू 55 वर्ष, आयुष गौड 34 वर्ष, अवधेश कुमार मिश्रा 55 वर्ष, शकुन्तला देवी 80 वर्ष, केशव कुमार 22 वर्ष, वी0के0 शर्मा 31 वर्ष, माया देवी 43 वर्ष, रामवती 81 वर्ष एवं मेघराज सिंह 45 वर्ष आदि शामिल रहे। वेंक्टेश्वरा के प्रतिकुलाधिपति डॉ राजीव त्यागी ने बाताया कि विम्स के डॉक्टर्स, पैरामेडिकल एवं नर्सिग स्टॉफ ने दिन रात अस्पताल में भर्ती कोरोना सवंमित मरीजो के कुशल उपचार के लिए डटी हुई है एव हम निस्वार्थ भाव से देश से कोरोना के पूरी तरह खातमे तक इसी तरह काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर डॉ0 हरिदत्त नेमी, इकराम इलाही, डॉ0 सुशील शर्मा, डॉ0 एस0सी0 मिश्रा, डॉ0 गोपाल यादव, नर्सिग सुपरीटेंडेन्ट वेदवीर सिंह, अभिषेक समेत कई चिकित्सक एवं अन्य मेडिकल स्टॉफ उपस्थित रहा।

सम्पादकीय

तेज हो जिंदगी बचाने की पहल

देश में चल रही कोरोना की दूसरी लहर हर दिन विकराल होती जा रही है। पूरा देश इसकी चपेट में आ चुका है। नये कोरोना संक्रमण मरीज आने की संख्या के लिहाज से भारत दुनिया में पहले स्थान पर पहुंच गया हैं जो बहुत बड़ी चिंता की बात है। यदि कोरोना संक्रमित मरीजों का मिलने का सिलसिला इसी रफ्तार से बढ़ता रहा तो आने वाले कुछ दिनों में ही भारत में पंतिदिन चार लाख से अधिक कोरोना मरीज मिलने लगेंगे। कोरोना के बढ़ते पंभाव को काबू में करने के लिए सरकारी स्तर पर पंयास किए जाने लगे हैं। मगर सरकारी पंयासों के बावजूद भी कोरोना संक्रमितो के आने की संख्या में कमी नहीं हो पा रही है। कोरोना विशेषज्ञों व वैज्ञानिकों का मानना है कि मई मध्य तक कोरोना का कहर पीक पर होगा। उसके बाद इसकी संख्या में कमी आनी शुरू होगी। लेकिन अभी अपैल में ही जब पंतिदिन इतनी बड़ी संख्या में कोरोना पॉजिटिव लोग मिल रहे हैं तो मई में तो इनकी संख्या में बहुत अधिक बढ़ोतरी हो जाएगी। ऐसी स्थिति का मुकाबला करने के लिए सरकार को अभी से युद्ध स्तर पर काम करना चाहिये। कोरोना संक्रमित लोगों की संख्या में बढ़ोतरी के साथ ही देश में ऑक्सीजन की भयंकर कमी महसूस की जा रही है। ऑक्सीजन की कमी के चलते कई स्थानों पर कोरोना संक्रमित लोगों की मौत भी हो चुकी है। जो सभ्य समाज के लिए शर्मनाक है। हालांकि ऑक्सीजन संकट व्याप्त होते ही केंद्र सरकार ने शीघ्रता से आपदा नियंत्रण की दिशा में सार्थक कार्यवाही करते हुये पूरे देश में ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्रों का केंद्रीकरण कर उसका राज्यवार आवंटन का कोटा तय किया। ताकि देश के सभी राज्यों को समान रूप से आवश्यकतानुसार ऑक्सीजन गैस मिल सके। इसके साथ ही सरकार ने वायु सेना के विमानों के माध्यम से विदेशों से ऑक्सीजन के कंटेनर व ऑक्सीजन उत्पादन से संबंधित मशीनों का भी तेजी से आयात करना पारंभ कर दिया है। इसके साथ ही देश में ऑक्सीजन के टैंकरों को निर्धारित स्थान तक पहुंचाने के लिए वायु सेना के परिवहन विमानों व रेलवे की माल गाड़ियों का उपयोग किया जाने लगा। जिससे एक स्थान से दूसरे स्थान तक ऑक्सीजन तेजी से पहुंचने लगी। हालांकि आज भी देश में आवश्यकता अनुसार ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं है। मगर केंद्र सरकार ने देश की जनता को आश्वस्त किया है कि जरूरत पड़ने पर विदेशों से भी ऑक्सीजन का आयात किया जाएगा। सरकार ने ऑक्सीजन के निर्यात पर पूर्णतया रोक लगा दी है। इसके साथ ही औद्योगिक इकाइयों में इस्तेमाल होने वाली ऑक्सीजन पर रोक लगाते हुए उसे अस्पतालों में भर्ती मरीजों के उपयोग में लाया जा रहा है। हाल ही में देश में उपजे ऑक्सीजन विवाद के चलते कई पंदेशों में उच्च न्यायालय को दखल देना पड़ा। उच्च न्यायालय में सुनवाई के दौरान सामने आया कि केंद्र सरकार द्वारा पिछले जनवरी माह में विभिन्न राज्यों के सरकारी अस्पतालों में ऑक्सीजन बनाने के प्लांट लगाने हेतु धनराशि जारी होने के उपरांत भी राज्य सरकारों द्वारा अभी तक ऑक्सीजन संयंत्र लगाने की दिशा में कोई कार्यवाही नहीं की गई। जबकि यदि समय रहते अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट लगा लिए जाते तो आज देश को विकट स्थिति का सामना नहीं करना पड़ता। पिछले एक साल से कोरोना महामारी का मुकाबला करने के बावजूद केंद्र व राज्य सरकारों ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में कोई विशेष कार्य नहीं किए। देश में ना तो नए अस्पताल बनाने की शुरुआत की गई ना ही चिकित्सा से संबंधित अन्य उपकरण व दवाइयों के क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया गया। सभी सरकारों ने चिकित्सा की बजाए अपने वोट बैंक को पक्का करने के लिए अन्य विकास कार्यों पर ज्यादा ध्यान दिया। उसी का नतीजा है कि आज हम कोरोना की दूसरी लहर का मुकाबला करने में खुद को कमजोर महसूस कर रहे हैं। कोरोना संक्रमण के बाद हालात ऐसे बन गए कि विकास कार्यों की बजाए सरकार को लोगों की जान बचाने की तरफ अधिक ध्यान देना चाहिए था। मगर ऐसा नहीं किया गया।

भारतीय वैश्य संगम की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की एक बैठक जूम एप के माध्यम से आयोजित

मेरठ दर्पण–मेरठ। मेरठ–भारतीय वैश्य संगम की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की एक बैठक जूम एप के माध्यम से अम्बुज गुप्ता की अध्यक्षता में की गई। बैठक का संचालन राष्ट्रीय महामंत्री विपुल सिंघल ने किया। विपुल सिंघल ने कहा कि कोरोना महामारी के इस संक्रमण काल में हम सभी को और हमारे परिवारों को एक गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है, वह है रू हमारे परिवारों के विवाह योग्य बच्चों के लिए उचित वैवाहिक संबंध की तलाश। इस समस्या का निदान करने के उद्देश्य से, भारतीय वैश्य संगमश द्वारा ष्वैश्य मंगल मिलनष शीर्षक से एक प्रकल्प का श्री गणेश किया गया। इस वैश्य मंगल मिलन प्रकल्प का संचालक मंडल निम्नवत् है। अम्बुज गुप्ता मेरठ, राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्भारतीय वैश्य संगम, विजय कुमार अग्रवाल गाँधीनगर, गुजरात, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, श्भारतीय वैश्य संगम, अजय सिंघल सिकन्द्राबाद, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, श्भारतीय वैश्य संगम, उमेश कुमार गर्ग दिल्ली, राष्ट्रीय संयोजक, श्भारतीय वैश्य संगम इस प्रकल्प के अन्तर्गत संस्था के सदस्यों के विवाह योग्य बच्चो का एक डाटा–बैंक बनाया जायेगा, जिसमें सदस्य अपने एवं अपने पारिवारिक जनों, सम्बन्धियों एवे मित्रों के विवाह योग्य बच्चों के बॉयोडाटा भेज सकते हैं। भारतीय वैश्य संगम के प्रस्तावित फॉर्म पर बायो डाटा प्राप्त करने के पश्चात इस प्रकल्प के संचालकों द्वारा भारतीय वैश्य संगम के डाटा–बैंक में उपलब्ध बच्चों के बॉयोडाटा से मिलान करके उन सदस्यों को उचित बायोडाटा भेजे जायेंगे, जिससे सदस्यों के



विवाह योग्य बच्चों के विवाह सम्बन्ध स्थापित कराने में सुविधा हो सके। इस वैश्य मंगल मिलन प्रकल्प में अपने बच्चों,परिजनों के बच्चों व सगे संबंधियों के बच्चों का बायो डाटा भेजने वाले परिजनों को निम्न नियमावली का पालन करना अनिवार्य होगा। इस प्रकल्प में केवल संस्था के सदस्यों द्वारा ही बच्चों का बायोडाटा भेजा जा सकता है। सदस्यगणों को अपने एवध अपने परिवारिजनों, मित्रों तथा अपने सगे सम्बन्धियों के बच्चों का विवरण भेजते समय प्रस्तावित फॉर्म के सभी कॉलम को भरना आवश्यक होगा। सदस्यों के द्वारा केवल उन्ही बच्चों का बायो डाटा संस्था को प्रेषित जाय जिनके परिवार की सम्पूर्ण जानकारी सदस्य को है। यह सीमित ग्रुप है जो केवल संस्था के सदस्यों के लिए ही उपलब्ध है। सदस्यगणों द्वारा प्रेषित किए जाने वाले बायोडाटा के साथ परिचयकर्ता के रूप में अपना नाम एवं मोबाईल नम्बर देना अनिवार्य होगा। जो भी सदस्यगण बायोडाटा भेजना चाहें वे पहले निम्न नम्बर पर फोन करें, प्रत्युत्तर में आपको बॉयोडाटा भेजने की प्रक्रिया बतायी जाएगी और फॉर्म उपलब्ध कराया जायेगा,जिसके अनुसार ही आप विवरण भेज पायेंगे। अम्बुज गुप्ता, मो न 8630282288 बायोडाटा संस्था द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले क्रम के अनुसार ही भेजना होगा जिससे समरूपता बनी रहे एवं प्रेषित विवरणों का आंकलन सुविधाजनक रूप से किया जा सके। इस जूम मीटिंग में भारतीय वैश्य संगम के संरक्षक कुंवर शेखर विजेंद्र , डॉ बी पी सिंघल, अध्यक्ष अंबुज गुप्ता, महामंत्री विपुल सिंघल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अजय सिंघल, राष्ट्रीय संयोजक उमेश कुमार गर्ग, ई सी पी गुप्ता, नवीन अग्रवाल, आलोक रस्तोगी, सतीश चंद्र, राघव गर्ग, डॉ पुनीत कंसल, अमित गर्ग, दीपक मित्तल, हिमांशु गोयल, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

हर्ष के साथ मनाई हनुमान जयंती

मेरठ दर्पण–मेरठ। आज दौराला में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरधना रोड रेलवे फाटक के पास बाबा बालाजी के सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड व हनुमान चालीसा आरती की गई आयोजन किया गया समाजसेवी पुरुषोत्तम उपाध्याय की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि रहे मनिंदर विहान भराला पूर्व भाजयुमो जिला मंत्री, जयकारों के बीच ध्वजारोहण किया गया मंदिर की मीनार पर चढ़कर ध्वजारोहण करवाने में मंदिर के पुजारी मांगेराम नैनवा, पंकज चौधरी,मास्टर ओम प्रकाश विश्वकर्मा, सभासद बनी चौधरी सनी चौधरी उदित अंकित आदि मौजूद रहे।

जनप्रतिनिधियों ने कोरोना महामारी नियंत्रण व प्रशासनिक व्यवस्थाओं के संदर्भ में की बैठक

मेरठ दर्पण–मेरठ। सांसद राजेन्द्र अग्रवाल ने आज सर्किट हाऊस में कोरोना महामारी नियंत्रण व प्रषासनिक व्यवस्थाओं के संदर्भ में विधायकगणो की उपस्थिति में जिला प्रषासन के अधिकारियों के साथ बैठक की।सांसद ने कहा कि जो भी मरीज अस्पताल में भर्ती होने जा रहा है उसको आवष्यक रूप से भर्ती किया जाये। उन्होने कहा कि जिला प्रषासन बढ़ते कोरोना मरीजो की संख्या के अनुरूप अपनी व्यवस्थाएं दुरूस्त रखे। सांसद राजेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि कोविड अस्पतालो में भर्ती मरीजो व खाली बेडो की संख्या को ऑक्सीजन किया जाये ताकि आमजनो को जानकारी हो सके। उन्होने कहा कि ऑक्सीजन सप्लाई की व्यवस्था को दुरूस्त रखें तथा यह भी सुनिष्चित करे कि अस्पताल संचालको को ऑक्सीजन प्राप्ति का स्थानध्एजेन्सी सुलभता से ज्ञात हो। उन्होने कहा कि अस्पतालों में मरीजो को अच्छा उपचार, अच्छी गुणवत्ता का भोजन व वातावरण मिले यह सुनिष्चित किया जाये। सांसद राजेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि आमजन को मॉस्क का उपयोग करने, सोषल डिस्टेनसिंग का पालन करने, नियमित अंतराल पर हाथ धोने व सैनेटाईजर का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाये। उन्होने कहा कि आमजन को कोरोना महामारी नियंत्रण हेतु टीकाकरण के लिए प्रेरित किया जाये। जिलाधिकारी के0 बालाजी ने कहा कि वह कोविड अस्पतालों में भर्ती मरीजो की संख्या व खाली बेड की संख्या के संदर्भ में प्रतिदिन अपडेट लेते है। उन्होने कहा कि ऑक्सिजन सप्लाई को सुचारू बनाया जा रहा है तथा सभी व्यवस्थाएं की जा रही है। इस अवसर पर विधायक सत्य प्रकाश अग्रवाल, विधायक डॉ सोमेन्द्र तोमर,भाजपा महानगर अध्यक्ष मुकेश सिंघल, नगरायुक्त मनीष बंसल, सीएमओ डा0 अखिलेश मोहन, हर्ष गोयल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन



मेरठ दर्पण–मेरठ। श्री हनुमान जन्मोत्सव पर आज सुंदर कांड, हनुमान चालीसा का पाठ कोरोना संक्रमण के नियमों के मद्देनजर हनुमान भक्तों ने घर पर श्रीहनुमान जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाया। संवाद फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रशांत कौशिक ने बताया कि आज श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर संवाद फाउंडेशन के ब्रह्मपुरी स्थित कार्यालय पर श्रीहनुमान जन्मोत्सव का बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुंदर कांड, हनुमान चालीसा का पाठ कर श्रीहनुमान जी के चरणों में प्रार्थना की गई कि श्रीप्रभु की पा पूरे देश पर बनी रहे, सभी नागरिक स्वस्थ और समृद्ध रहें। भगवान से प्रार्थना की गई कि कोरोना संक्रमण देश से खत्म हो और सभी नागरिक सुरक्षित रहें। इस अवसर पर कौशल कौशिक, प्रशांत कौशिक, सीमा, सम्पदा, वत्सल उपस्थित रहे, इसके पश्चात पुरी सब्जी, चुरमा, खीर के प्रसाद का भगवान को भोग लगाकर आसपास वितरण किया गया।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने **'मेरठ दर्पण'** न्यू गोस्वामी प्रिन्टिंग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड़, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेडा, मेरठ कैंट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकित गुप्ता RNI NO. UPHIN 2016/69845 फोन 9897419837 **Email : mrtdarpan@gmail.com**
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।

सच्चे कोरोना योद्धा के तौर पर खुद अपनी टीम के साथ कोरोना को खत्म करने के उद्देश्य से आत्मविश्वास के साथ जुटी है नगर पालिका अध्यक्षा अंजू अग्रवाल

ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

मुजफ्फरनगर। कोरोना के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए माननीय पालिका अध्यक्षा अंजू अग्रवाल जी के द्वारा कार्य योजना के अनुसार नगर के 9 वार्डो तथा नगर के तीनों श्मशान घाट मै तीन टैंकर के माध्यम से सैनिटाइजर का कार्य कराया गया इसमें वार्ड संख्या 13 श्री अरविंद धनगर मान्य सभासद के वार्ड में गाजावाली, आनंदपुरी क्षेत्र तथा वार्ड संख्या 31 श्रीमती पूनम शर्मा माननीय सभासद के वार्ड में मोहल्ला इंदिरा कॉलोनी, फ्रेंड्स कॉलोनी व वार्ड संख्या 44 श्रीमती नवाब जहां पत्नी मोहम्मद वाजिद के वार्ड मैं मोहल्ला महमूद नगर में सैनिटाइजर का कार्य कराया गया स इसके अलावा वार्ड संख्या 11 श्री राहुल पवार मान्य सभासद के वार्ड में मोहल्ला भारतीय कॉलोनी तथा वार्ड संख्या 9 श्रीमती साक्षी चुग्ध के वार्ड में मोहल्ला द्वारकापुरी शिवपुरी एवं गांधी कॉलोनी तथा वार्ड 29 श्री प्रेमी छाबड़ा मान्य सभासद के वार्ड में गांधी कॉलोनी में सैनिटाइजर का कार्य किया गया स साथ ही वार्ड संख्या 15 श्रीमती कैलासो देवी माननीय सभासद के वार्ड में मोहल्ला रामपुरी तथा वार्ड संख्या 26 श्री ओम सिंह तथा वार्ड संख्या 30 श्री सलेकचंद माननीय सभासद के वार्ड में मोहल्ला जनकपुरी मैं पावर सेनीटाइजर का कार्य कराया गया सवाडो का निरीक्षण करते हुए माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा वाडो मैं कई स्थानों पर अपने हाथों से सैनिटाइजर का कार्य किया स साथ ही लाला लाजपत राय चौक तथा अर्पण बैंकट हॉल के सामने नालों की कराई जा रही तली झाड़ सफाई का भी माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा निरीक्षण किया गया स माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा अपने संदेश में यह भी कहा गया की व्यापारियों के द्वारा स्वयं लॉक डाउन का लिया गया निर्णय सराहनीय है तथा परिवार के प्राणों की रक्षा के लिए तथा कोरोना जैसे भयंकर संक्रमण से बचाव के लिए कम से कम आवश्यकतानुसार ही घरों से बाहर निकले स निरीक्षण में माननीय पालिका अध्यक्ष महोदय के साथ प्रथक प्रथक स्थलों पर श्री अरविंद धनगर,श्रीमती पूनम शर्मा, श्री सलेक चंद, श्री ओम सिंह, श्री हनी पाल ,श्री राजकुमार, श्री विवेक चुघ माननीय सभासदगण के अलावा डॉ अतुल कुमार नगर स्वास्थ्य अधिकारी, श्री उमाकांत शर्मा सफाई निरीक्षक, गोपाल त्यागी स्टेनो अध्यक्ष, एस के बिट्टू आदि मौजूद रहे।

बारात से वापस लौट रहे 3 युवक हादसे का शिकार, एक की मौत, 2 गंभीर रूप से घायल

ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

मुजफ्फरनगर। भोपा थाना क्षेत्र के गांव कासमपुर के निकट सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई व उसके 2 साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। युवक भोपा थाना क्षेत्र के मोरना में बारात में शामिल होकर अपने घर वापस लौट रहे थे। मुजफ्फरनगर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गांव बाननगर निवासी प्रेम, आदेश, व बंटी भोपा थानाक्षेत्र के मोरना में शादी में शामिल होने आए थे। देर शाम ये तीनो बाइक द्वारा अपने घर वापस लौट रहे थे। जैसे ही ये लोग भोपा थाना क्षेत्र के गांव कासमपुर के पास पहुंचे, तो पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे तीनो बाइक सहित सड़क पर जा गिरे, तभी पीछे से आ रहा वाहन बंटी को कुचलते हुए मौके से फरार हो गया, जिससे तीनों साथी गंभीर रूप से घायल हो गए राहगीरों की सूचना पर पहुंची भोपा पुलिस ने तुरंत घायलों को भोपा अस्पताल पहुंचाया, जहां पर चिकित्सकों ने बंटी को मृत घोषित कर दिया गया।बंटी अपने परिवार में इकलौता पुत्र बताया गया है। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है।

कोविड संक्रमित मरीजों के उपचार के लिये हास्पिटल संस्था भवनों का चयन

ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

मुजफ्फरनगर। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद मुजफ्फरनगर में बढते कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत कोविड संक्रमित मरीजों के उपचार हेतु निम्नलिखित हास्पिटल संस्था भवनों का चयन किया गया है। उक्त हॉस्पिटल पर कोविड संक्रमित व्यक्तियों के बेहतर उपचार एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की सत्त निगरानी हेतु उनके नाम के सम्मुख अंकित निम्न नोडल अधिकारी तैनात किए गये

क्र0सं0 हास्पिटल का नाम नामित नोडल अधिकारी

1- भारत आयुर्वेदिक कॉलिज मुजफ्फरनगर डॉ0 ईशमपाल, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं युनानी अधिकारी मु0नगर 7579182693

2- ईवान हॉस्पिटल मुजफ्फरनगर डॉ0 अक्षय कुमार कात्यायन जिला हौम्योपैथिक अधिकारी मुजफ्फरनगर 9412107537

3- हार्ट क्लीनिक एण्ड इमरजेंसी केयर सेण्टर, मु0नगर श्री अरविन्द कुमार तिवारी डिप्टी कमिश्नर वाणिज्य कर मुजफ्फरनगर। 9415040011

4- एल0-1 द्वारिका सिटी मुजफ्फरनगर श्री रामप्रकाश संयुक्त आयुक्त वाणिज्य कर मुजफ्फरनगर 7235001709

5- ओल्ड वर्धमान हॉस्पिटल महावीर चौक मु0नगर श्री शरद चन्द्रा डिप्टी कमिश्नर वाणिज्यकर मु0नगर 7235001728

उक्त नामित नोडल अधिकारीगण हॉस्पिटल में तैनात चिकित्सक व अन्य कर्मचारियों से समन्वय स्थापित करते हुए मरीजों की भर्ती प्रक्रिया, मरीजों को दवा दिये जाने की प्रक्रिया, मरीजों के भोजन सम्बन्धी, मरीजों की चिकित्सा विजिट, सफाई व्यवस्था, हेल्प डेस्क एवं ऑक्सीजन की उपलब्धता आदि कार्यो पर अपनी सत्त निगरानी रखेंगें तथा समय-समय पर अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराते रहेंगे।

डीएम व एसएसपी ने ऑक्सीजन प्लॉन्ट्स का किया निरीक्षण

ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

मुजफ्फरनगर। जिला मजिस्ट्रेट सेल्वा कुमारी जे एवं एसएसपी अभिषेक यादव ने आज कोरोना संक्रमित मरीजों के उपचार हेतु मेडिकल ऑक्सीजन की आपूर्ति सुनिश्चत कराये जाने हेतु जनपद के ऑक्सीजन प्लॉन्टधरिफलिंग प्लॉन्ट का संयुक्त रूप से भ्रमण व निरीक्षण किया। उन्होने औषधि निरीक्षक को निर्देश दिये कि निर्धारित प्रारूप पर प्रतिदिन की आख्या से अवगत कराना सुनिश्चत करेगे। जिलाधिकारी ने कहा कि कोरोना संक्रमण के ष्टिगत कोरोना संक्रमित मरीजों हेतु ऑक्सीजन की आपूर्ति सुनिश्चत कराने के लिए आक्सीजन उत्पादन तथा फिलिंग किये जाने वाले उद्योगों तथा आक्सीजन की ट्रेडिंग कम्पनियों पर सत्त निगरानी रखते हुए आक्सीजन आडिट हेतु अधिकारियों की तैनाती की गई है। उन्होने बताया कि रामा इन्डस्ट्रीज, इंडस्ट्रीयल ऐरिया, मु0नगर के लिए ब्रजेश कुमार, प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कालेज मुं0नगर, मो0-9454457278, बाबा गैसेस, इंडस्ट्रीयल ऐरिया, मु0नगर के लिए राकेश कुमार सागर, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी मु0नगर, इण्डेन गैसस मेरठ रोड, के लिए अजय भास्कर, अधि अभि, निर्माण खण्ड-प्रथम लोनि विभाग, मो0-9412116034 तथा समस्त ट्रेडिंग कम्पनी के लिए एस.पी0 सिंह, अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड लोनि विभाग, मो0-9453219770 को तैनात किया गया है। समस्त अधिकारी उपरोक्तानुसार आक्सीजन आडिट की कार्यवाही प्रतिदिन सम्पन्न करते हुए निर्धारित प्रारूप पर सूचना औषधि निरीक्षक, मु0नगर को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगें। इसके पूर्व जिलाधिकारी ने मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज में स्थापित होने जा रहे आक्सीजन प्लांट 20 हजार लीटर ऑक्सीजन कैप्सूल के निर्माण स्थापना कार्यो का भौतिक निरीक्षण किया। उन्होने निर्देश दिये शीघ्र अति शीघ्र इसकी स्थापना कराकर संचालित किया जाये। उन्होने निर्देश दिये कि किसी भी मरीज को ऑक्सीजन की वजह से दिक्कत न हो यह सुनिश्चत किया जाये। कोराना संक्रमित मरीजो से उनके परिजनों द्वारा स्वास्थ्य सेंवाए व अन्य जानकारी के लिए मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज के हैल्प लाईन नम्बर 7617589022 तथा 7617589023 पर सम्पर्क किया जा सकेगा।

जिलाधिकारी-एसएसपी ने मेडिकल कॉलेज में व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर चिकित्सकों व अधिकारियो के साथ की समीक्षा बैठक

ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

मुजफ्फरनगर। कोरोना संक्रमण के ष्टिगत जिलाधिकारी सेल्वा कुमारी जे एंव एसएसपी अभिषेक यादव ने मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज जाकर स्वास्थ्य विभाग, मेडिकल के चिकित्सकों व अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए अधिकारियों को कडे निर्देश दिये कि कोरोना संक्रमित मरीजों के परिजनों को प्रत्येक दशा में मरीज की स्थिति से अवगत कराया जाये। उन्होने कहा मरीजों के परिवारजनों की परिस्थिति का ख्याल रखा जाये। उन्हे अनावश्क परेशान न किया जाये।

जिलाधिकारी व एसएसपी ने मेडिकल कॉलेज के कंट्रोल रूम जाकर निर्देश दिये कि ऐसे मरीजों की लिस्ट बनाई जाये जिनके पास फोन नही है। ऐसे मरीजो के परिवार जनों को मरीज की स्थिति से अवगत कराते रहे। उन्होने कहा कि परिजनों को सूचना न दिय जाने पर कडी कार्यवाही की जायेगी। इस कार्य में किसी भी प्रकारी की शिथिलता न बरती जाये।

मरीज के स्वास्थ्य की जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चत किया जाये। उनहोने निर्देश दिय कि कोविड वार्ड में प्रत्येक 2 घण्टे के अन्तराल पर डाक्टर विजिट करेगे जिसकी निगरानी कंट्रोल रूम से नोडल चिकित्साधिकारी करेगे।

उन्होने निर्देश दिये कि शिथिलता पाये जाने पर कडी कार्यवाही करते हुए शासन को भी कार्यवाही के लिए लिखा जायेगा। निर्देश दिये कि प्रत्येक दिन कोरोना संक्रमित मरीजों से उनके स्वास्थ्य व अन्य विषयों पर बात की जाये। उनके स्वास्थ्य का प्रत्येक स्तर पर ध्यान रखा जाये। उन्होने निर्देश दिये कि मुख्य चिकित्साधिकारी वार्ड में जाकर स्वंय विजिट करे। जिलाधिकारी ने बताया कि बेगराजपुर मेडिकल कालेज में कोविड संक्रमित के बेहतर उपचार तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की सत्त निगरानी हेतु शिफ्टवार नोडल अधिकारियों की तैनाती भी की गई हैं। उन्होने बताया कि मरीजों की भर्ती प्रक्रिया,मरीजों को दवा दिये जाने की प्रक्रिया,मरीजों के भोजन सम्बन्धी, मरीजों को चिकित्सक द्वारा विजिट करने हेतु प्रातः 6.00 बजे से अपरान्ह 02.00 बजे तक अनिल कुमार, अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड, 9454414590, दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक भीम सिंह चाहर, अधिशासी अभियन्ता उत्तर प्रदेश नागर ईकाई जल निगम, 9473942594, रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक धुरेन्द्र सिंह तोमर, सहायक अभियंता, लोक निर्माण, 9411287171 को तैनात किया गया है। इसी प्रकार वार्डो की सफाई व्यवस्था , शवों के निस्तारण की प्रक्रिया, कंट्रोल रूम, हैल्प डैस्क तथा आक्सीजन की उपलब्धता के लिए प्रातः 6.00 बजे से अपरान्ह 02.00 बजे तक श्री मायाराम,

बीएसए 9453004079, दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक संजय मैत्रेय, अधिशासी अभियन्ता, ड्रेनेज खण्ड, 9971749778, रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक सुरेन्द्र कुमार पोशवाल, सहायक अभियंता, लोक निर्माण, 8941989018 को तैनात किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त टीम के कार्यो के पर्यवेक्षण हेतु अशोक कुमार डिप्टी कलैक्टर को तैनात किया गया है। उन्होने कहा कि समस्त अधिकारी उपरोक्तानुसार नियत समय पर मेडिकल कॉलेज बेगराजपुर में उपस्थित रहकर कॉलेज के चिकित्सकों व अन्य कर्मचारियों से समन्वय्य स्थापित करते हुए निगरानी सुनिश्चत करेगे तथा प्रतिदिन अपनी आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चत करेगें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आलोक यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा एमएस फौजदार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अभिषेक सिंह सम्बन्धित अधिकारी व चिकित्सक उपस्थित थे।

ऑक्सीजन गैस सिलेंडर लेने वालों की लगी भारी कतार ,घंटों लाइन में खड़े होकर भी नहीं हो पा रही पूर्ति

ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

मुजफ्फरनगर। जनपद मुजफ्फरनगर में लगातार बढ़ रहे कोरोना संक्रमण को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा जहां अथक प्रयास किए जा रहे हैं वही लगातार जनपद मुजफ्फरनगर में मिल रहे कोरोना संक्रमित मरीजों की हालत बिगड़ती जा रही है लगातार लोगों को ऑक्सीजन की जरूरत पढ़ रही है उसी को लेकर जनपद मुजफ्फरनगर के अंसारी रोड पर स्थित रामा ऑक्सीजन गैस एजेंसी पर अपने परिजनों के लिए ऑक्सीजन गैस के सिलेंडर लेने वालों की काफी लंबी लंबी लाइन है देखने को मिल रही है और सभी में अफरा-तफरी मची हुई है लेकिन कुछ लोग तो ऐसी भी हैं जिन्हें घंटों लाइन में खड़े होने के बाद भी ऑक्सीजन गैस का सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है जिस कारण उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है रामा गैस एजेंसी से जुड़े व्यक्ति ने जानकारी दी है कि वह केवल उन लोगों को ही ऑक्सीजन सिलेंडर दे रहे हैं जो अपने परिजन की कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट एवं डॉक्टर के द्वारा लिखे गए ऑक्सीजन के संबंध में दिखा रहे पर्चे पर ही ऑक्सीजन सिलेंडर दिया जा रहा है लेकिन पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन गैस सिलेंडर ना होने के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मुजफ्फरनगर में मिले 260 कोरोना पॉजिटिव, 475 को किया डिस्चार्ज, एक्टिव केस 4748

ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

मुजफ्फरनगर। जनपद में 260 कोरोना पॉजिटिव मिले है, 475 लोगों को डिस्चार्ज कर दिया गया। जिसके बाद एक्टिव केस की संख्या 4748 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि आज मिले कोरोना पॉजिटिव में गांधी कॉलोनी से 15, साउथ सिविल लाइन से 20, रेनबो विहार से चार, आदर्श कॉलोनी से 11, नई मंडी भोपा रोड़ से 25, सदर बाजार से तीन, सुभाष नगर से दो, ब्रह्मपुरी से छः, मुस्तफा कॉलोनी से आठ, आनंदपुरी से दो, जानसठ रोड़ से छः, द्वारकापुरी से छः, कृष्णापुरी से पांच, मोहल्ला शानियाब से एक, तुलसी नगर से एक, गंगा विहार कॉलोनी से एक, देवपुरम से एक, लक्ष्मण विहार से एक, रामपुरी से एक, साकेत से चार, पंचशील कॉलोनी से एक, चांद सांसद से एक, विश्वकर्मा चौक से एक, सहावली से एक, वर्मा पार्क से एक, खालापार से एक, भरतिया कॉलोनी से नौ, सुमन विहार से एक, रामपुरम से तीन, इंद्रपस्थ कॉलोनी से एक, आर्यपुरी से एक, योगेंद्रपुरी से एक, प्रेमपुरी से एक, शांति नगर से दो, बझेड़ी से एक, केवलपुरी से तीन, जाट कॉलोनी से दो, खादरवाला से एक, गऊशाला नदी रोड़ से एक, शिक्षक कॉलोनी से दो, गांधी नगर से सात, मुजफ्फरनगर से बारह, मख्याली से एक, अंकित विहार से एक, नरा से एक, बामनहेड़ी से एक, खंजापुर से एक, पचेंड़ा से चार, आवास विकास से एक, आनंद हॉस्पिटल से एक, कूकड़ से एक, एटूजेड़ से पांच, वहलना से दो, वजीराबाद से एक, देवबंद से एक, इंकमटैक्स ऑफिस से एक, सुरेंद्र नगर से एक, रई से एक, सूजडू से एक, प्रेमविहार से एक, बहादरपुर से एक, सूरजविहार से एक, मुजफ्फरनगर मेडिकल हॉस्टिल से एक, पुरकाजी से तीन, चरथावल से चार, बुढ़ाना से ग्यारह, मोरना से पांच, बघरा से तीन, खतौली से पांच, जानसठ से बीस, शाहपुर से दो कोरोना पॉजिटिव मिले है।

नई मंडी श्मशान घाट पर प्रबंधकों के द्वारा दी गई जानकारी बोले अंतिम संस्कार करने की नही है जगह लौटाया जा रहा शवो को

ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

मुजफ्फरनगर। जनपद मुजफ्फरनगर में लगातार बढ़ रहे कोरोना संक्रमण को लेकर जहां जिला प्रशासन अथक प्रयास कर रहे हैं वही रोजाना सैकड़ों की संख्या में लोग कोरोना संक्रमित पाए जा रहे हैं और आए दिन कई व्यक्तियों की कोरोना संक्रमण के चलते मौत हो रही है। आज नई मंडी श्मशान घाट पर एक ऐसा नजारा देखने को मिला जिसे देखकर अच्छों अच्छों की रूह कांप जाएगी नई मंडी श्मशान घाट पर आज 9 लोगों का अंतिम संस्कार किया गया और बाकी चबूतरे ना खाली होने पर शमशान घाट के प्रबंधकों के द्वारा अंतिम संस्कार करने आए लोगों को लौटा दिया गया क्योंकि नई मंडी श्मशान घाट पर लगातार अंतिम संस्कार करने वालों की लाइन लगी है सभी अंतिम

संस्कार करने वाले चबूतरो पर अंतिम संस्कार किया गया है एवं कुछ लोगों के द्वारा तो खाली पड़े स्थान पर ही अपने रिश्तेदारों एवं परिजनों का अंतिम संस्कार कर दिया गया जहां जिला प्रशासन लगातार कोरोना महामारी को लेकर बड़े-बड़े दावे कर रहा है वही यह मंजर जिला प्रशासन के दावों को खोखला बता रहा है नई मंडी श्मशान घाट के अध्यक्ष संजय मित्तल ने जानकारी दी है कि उनके श्मशान घाट पर लगातार रोजाना दर्जनों की संख्या में लोग अपने परिजनों के शवों को लेकर पहुंच रहे हैं लेकिन चबूतरे ना खाली होने पर उन्हें लौटा दिया जा रहा है संजय मित्तल ने कहा कि उनके द्वारा नई मंडी श्मशान घाट पर सभी तैयारियां को किया गया है लेकिन जिला प्रशासन की ओर से किसी भी तरह की कोई भी तैयारी नहीं की गई है जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है। नई मंडी श्मशान घाट पर लगातार आने जाने वाले लोगों को सैनिटाइज कराया जा रहा है एवं कोरोना संक्रमित मरीजों के परिवार के लोगों को ही पीपी किट पहनाकर अंतिम संस्कार की इजाजत दी जा रही है लेकिन वह भी क्या करें उन्हें अंतिम संस्कार करने वाले लोगों को लौटाना पड़ रहा है।

बालाजी जन्मोत्सव श्रद्धालुओं ने सोशल डिस्टेंसिंग के अंतर्गत धूमधाम से मनाया

ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

मुजफ्फरनगर। जनपद मुजफ्फरनगर में विश्व भर में सबसे ज्यादा हर्षोल्लास के साथ मुजफ्फरनगर में मनाए जाने वाली श्री बालाजी जयंती इस बार भी सीमित संसाधनों के साथ केवल मंदिर परिसर में मनाई जा रही है। कोरोना काल के चलते पिछले साल और इस बार भी श्री बालाजी जयंती केवल मंदिर परिसर नहीं बनाई जा रही है। मंदिर कमेटी से प्रसिद्ध उद्योगपति भीमसेन कंसल द्वारा मंदिर कमेटी की ओर से आग्रह किया गया था कि श्रद्धालु अपने घरों में ही श्री बालाजी जयंती के अवसर पर सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ कर भगवान श्री बालाजी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करें। परंतु श्रद्धालुओं में श्री बालाजी महाराज की जयंती का एक अलग ही उत्साह होता है जिसके चलते कोरोना महामारी पर आज श्रद्धालुओं की श्रद्धा भारी पडी। हांलाकि मंदिर कमेटी द्वारा भक्तों मंदिर परिसर के बाहर से ही सोशल डिस्टेंस के साथ दर्शन कराए गए। श्रद्धा में डूबे श्रद्धालुओं ने श्री बाला जी मंदिर पहुंच बाबा को भोग लगाया।